राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री मिश्र दिलाएंगे मुख्य न्यायाधीश श्री शिन्दे सम्भाजी शिवाजी को शपथ

# मुख्य न्यायाधीश का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को

जयपुर, 20 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र मंगलवार को राजभवन में आयोजित समारोह में सायं 4 बजे प्रदेश के नव नियुक्त मुख्य न्यायाधीश श्री शिन्दे सम्भाजी शिवाजी को शपथ दिलाएंगे।

———

## राजभवन में प्रातः 6.30 बजे होगा अंतरराष्ट्रीय योग समारोह

# राजभवन में राज्यपाल श्री मिश्र करेंगे योग

जयपुर, 20 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की अगुआई में मंगलवार को राजभवन में प्रातः 6.30 बजे अंतरराष्ट्रीय योग समारोह का आयोजन किया जाएगा। राज्यपाल श्री मिश्र स्वयं भी इस अवसर समारोह में योग करेंगे। उनके साथ ही राजभवन के अधिकारी और कर्मचारी भी इस अवसर पर योग करेंगें।

———

## योग की महान परम्परा के संरक्षण और आगे बढ़ाने का किया आह्वान

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

जयपुर, 20 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की देश और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति है। स्वस्थ तन और स्वस्थ मन के अंतर्गत आदर्श जीवन शैली के रूप में आरम्भ से ही हमारे यहां योग को स्वीकार किया गया है। उन्होंने कहा कि योग अपने भीतर की शक्तियों को जानने, उन्हें काम में लेने और अंतर्मन से साक्षात्कार से जुड़ी जीवन पद्धति है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर यौगिक दिनचर्या अपनाते हुए आदर्श और उदात्त जीवन मूल्यों से जुड़ी इस महान परम्परा कें संरक्षण और आगे बढ़ाने आह्वान किया है।

———